हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 13 जुलाई 2025

06 राजस्व कार्यों को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के...




09 लोक कल्याण शिविर में मंत्री पंवार ने सुनी ग्रामीणों की...





## खबर संक्षेप

### रक्षाबंधन में मिलेगा अतिरिक्त राशि का उपहार

**सीहोर।** बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण के लिये राज्य सरकार संकल्पित है। महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा।

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बाजार में सड़क पर वाहन खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है।

### समग्र आईडी एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी करवाना आवश्यक

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और होने वाली धोखाधड़ी तथा असुविधा से बच सकते हैं।

# कृषि मंत्री शिवराज के गढ़ में अन्नदाता किसान खाद के लिए परेशान

- कांग्रेस बोलीः बुदनी के लिए यह दुर्भाग्य की बात
- 4 दिन पहले ही कृषि विभाग ने पर्याप्त खाद होने का किया था दावा
- घंटों कतार में लगने के बाद मिली एक बोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा

जिले भर में हो रही अत्याधिक बारिश की वजह से खेतों में खड़ी खरीफ की सोयाबीन फसल पीली पड़ने लगी हैं। फसल को उर्वरक यूरिया खाद की आवश्यकता है, लेकिन किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गढ़ भैरुंदा में दो-दो बोरी खाद के लिए किसानों को घंटों कतार में लगना पड़ रहा है, बावजूद उन्हें एक-एक बोरी थमा दी जा रही है। किसानों पर आए खाद संकट लेकर कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह बुदनी के लिए दुर्भाग्य की बात है।

गौरतलब है कि क्षेत्र के किसानों को इन दिनों यूरिया खाद की अति आवश्यकता है। किसानों को जानकारी मिली सोसायटी से खाद का वितरण होगा, किसान सुबह 6-7 बजे से सोसायटी पहुंच गए और लाइनों में लग गए। दोपहर 12 बजे से किसानों को खाद वितरण की शुरुआत हुई, लकिन इस दौरान महज एक-एक बोरी ही किसानों को खाद उपलब्ध कराई गई, जिससे किसान भडक़ गए। किसानों ने हंगामा करते हुए कहा कि प्रति एकड़ दो-दो बोरी का प्रावधान है, लेकिन उन्हें एक बोरी-बोरी खाद उपलब्ध कराई जा रही है।

### 1 हो या 20 एकड़, सभी को एक बोरी खाद

बताया जा रहा है कि सोसायटी पर 540 बोरी खाद आया था, लेकिन करीब 350 किसान खाद लेने के लिए पहुंच गए। ऐसे में किसानों के भारी विरोध के बीच किसानों को एक-एक बोरी खाद उपलब्ध कराया गया। खास बात यह रही कि इस दौरान एक एकड़ वाला किसान हो या 20 एकड़, सभी को एक-एक बोरी ही खाद दी गई। ऐसे में किसानों के लिए अपर्याप्त यह खाद ऊंट के मुंह में जीरा के समान रही।



### 4 दिन पहले कृषि विभाग ने किया था यह दावा

4 दिन पहले 9 जुलाई को जिला कृषि विभाग ने दावा किया था कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है, बावजूद अब किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया था कि जिले में 108 सेवा सहकारी समिति है। जिनकी मांग अनुसार समितियों को आरओ तथा डीडी लेकर उर्वरक दिया जा रहा है। जिसका वितरण कार्य समितियों के माध्यम से किया जायेगा।

खरीफ वर्ष 2025 में जिले के लिए 65 हजार मेट्रिक टन यूरिया, 25 हजार मेट्रिक टन डीएपी और 17 हजार मेट्रिक टन एनपीके की मांग रखी गई थी, जिसमें से अभी तक 43 हजार 861 मेट्रिक टन यूरिया, 12 हजार 446 मेट्रिक टन डीएपी एवं 9 हजार 966 मेट्रिक टन एनपीके प्राप्त हुआ है। इसमें से 30 हजार 452 मेट्रिक टन यूरिया, 10 हजार 089 मेट्रिक टन डीएपी और 6 हजार 875 मेट्रिक टन एनपीके का सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं से वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में जिले में 13 हजार 409 मेट्रिक टन यूरिया, 2 हजार 357 मेट्रिक टन डीएपी एवं 3 हजार 091 मेट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है।

### कांग्रेस बोली, यह दुर्भाग्य की बात है

खाद संकट को लेकर कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने कहा कि बुदनी विधानसभा में किसान एक-एक बोरी खाद के लिए तरस रहा है। लगातार बारिश के कारण फसल पीली पड़ रही है। किसी क्षेत्र का मुख्यमंत्री-मंत्री होना सौभाग्य की बात है, लेकिन बुदनी विधानसभा के लिए यह दुर्भाग्य की बात है, जहां किसान लंबी-लंबी कतार में लग कर खाद के लिए परेशान हो रहा है। मैं मुख्यमंत्री योदव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से अनुरोध करना चाहता हूं, किसान परेशान हैं, फसल खराब हो रही है। अधिकारियों से भी अनुरोध है कि किसानों के बारे सोचिए।

### क्या बोले परेशान किसान



छोटे-छोटे किसानों मिली एक बोरी यूरिया में कुछ नहीं हों रहा तो हम बड़े किसानो को एक बोरी खाद से क्या होंना यह गलत तरीके है खाद की कमी को दूर करें और किसानो को यूरिया खाद अधिक मात्रा में उपल्ब्ध कराए।

**-गिरधर पटेल**, किसान



सुबह से ही जाकर कार्यालय के बाहर घंटों कतार में खड़े फिर भी मिली मात्र एक बोरी यूरिया मिली खाद से कुछ नहीं होगा। हर साल की यही परेशानी होती है। किसानों को उचित मात्रा में यूरिया नहीं मिल पाता है। इस कारण काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।

**-प्रेमनारायण यादव**, किसान



कम से कम एक एकड़ पर दो बोरी यूरिया की मिलना थी लेकिन खाद एक बोरी ही मिली एक बोरी कम है मक्का में समय से यूरिया खाद नहीं डाला तो फ़सल नष्ट हो जाएगी। इसका जिम्मेदार कौन होगा। सरकार को इसकी मात्रा बढ़ानी चाहिए।

**-भीकमराम यादव**, किसान



निपानिया समिति में एक गाड़ी यूरिया खाद के लिए सैकड़ों किसान सुबह से ही कार्यालय के बाहर घंटों कतार में भूखे प्यासे खड़े रहे। इसके बाद भी सिर्फ मिली एक बोरी यूरिया मिली। इससे क्या फायदा होगा।

**-भोलाराम मालवीय**, किसान

### शहर की सड़कों से मवेशियों को हटाने के लिए जिम्मेदार नहीं दिखा रहे रुचि, नतीजा सड़क पर जाम और दुर्घटनाएं बढ़ीं

# चौक-चौराहों पर पशुओं का डेरा, ट्रैफिक व्यवस्था कर रहे अवरुद्ध, चालक हो रहे हादसे का शिकार

**गौरतलब है कि शहर में इंदौर नाका से बस स्टैंड, इंग्लिशपुरा से भोपाल नाका, पुराना बस स्टैंड से अस्पताल चौराहा एवं तहसील चौराहा से मण्डी तक की अनेक महत्वपूर्ण सड़कें हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आंखों-देखी

शहर के चौक-चौराहों पर इन दिनों पशुओं का जमावड़ा बना हुआ है। इन पशुओं की वजह से जहां यातायात प्रभावित होता है तो वहीं हादसों का डर भी बना रहता है। इन पशुओं की वजह से आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। शहर की सडक़ों से इन पशुओं को हटाने के लिए जिम्मेदार विभाग को विशेष रुचि नहीं है। हरिभूमि ने लाइव पड़ताल कर शहर की सडक़ों की स्थितियों का जायजा लिया। इस दौरान व्यस्त सडक़ों पर पशु बैठे नजर आए।

गौरतलब है कि शहर में इंदौर नाका से बस स्टैंड, इंग्लिशपुरा से भोपाल नाका, पुराना बस स्टैंड से अस्पताल चौराहा एवं तहसील चौराहा से मण्डी तक की अनेक महत्वपूर्ण सडक़ें हैं। यह सडक़ें शहर को एक छोर से दूसरे छोर के लिए जोड़ती है। इन सडक़ों पर दिन भर ट्रैफिक दबाव बना रहता है। लेकिन इन सडक़ों पर दिन भर पशुओं का जमावड़ा बना रहता है। दिन के समय तो यह पशु नजर आते हैं, लेकिन रात के समय यह पशु हादसों का कारण भी बनते हैं। इन पशुओं की वजह से कई बार वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं।

### बनते हैं जाम के हालात

शहर की महत्वपूर्ण सडक़ों पर पशुओं की जमावड़े की वजह से दिन भर ट्रैफिक जाम के हालात बनते हैं। खास बात यह है कि इन महत्वपूर्ण सडक़ों से ही कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, तहसील कार्यालय आना जाना होता है। अधिकारी भी इन्हीं सडक़ों से आवागमन करते हैं, उन्हें भी कई बार सडक़ पर बैठे पशुओं की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ता है। बावजूद इन सडक़ों पर जमा रहने वाले इन पशुओं को सडक़ से हटाने के कोई विशेष इंतजाम नहीं किए जाते।


### चंद रोज चली थी कार्रवाई

बीते वर्ष बारिश के दिनों में प्रशासन द्वारा सडक़ों पर जमावड़ा जमाने वाले पशुओं के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान पशुपालकों को चेतावनी जारी की थी कि सडक़ पर पशु आने पर संबंधित पशु पालक से जुर्माना राशि वसूली जाएगी। इसके अलावा नगर पालिका के अमले द्वारा सडक़ों पर घूमने वाले पशुओं को गाड़ी में भरकर गौशाला छुड़वाया गया था। हालांकि यह कार्रवाई कुछ दिन ही चल सकी थी।

### पशु पालकों की यह मजबूरी

पशुपालक गंगाराम प्रजापति ने बताया कि पशुओं को खुला छोडऩा मजबूरी हैं। उन्होंने बताया कि शहर के मण्डी, बडिय़ाखेड़ी, कस्बा, गोपालपुर में पशुओं के लिए आरक्षित भूमि (गुहा की जमीन) हुआ करती थी। पशु पालक अपने पशुओं को इन भूमि पर छोड़ दिया करते थे, जिससे पशु अपना पेट भर लेते थे, लेकिन अब भूमि नहीं बची है। नजदीकी खेत वाले किसानों ने इन भूमियों को भी अपने कब्जे कर लिया है। इसी वजह से पशुओं को खुला छोडऩा अब मजबूरी है।

**इंदौर नाका : दोप. 12.30 बजे**



इंदौर नाका के दो साइडों पर पशुओं का जमावड़ा नजर आया। पशुओं की वजह से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जबकि इन दिनों कुबेरेश्वर धाम पर आयोजन चल रहे हैं। बड़ी संख्या में बाहर से वाहन आ रहे हैं, जिससे ट्रैफिक जाम के हालात बनते हैं।

**नदी चौराहा पुल : दोप. 1 बजे**



यह सडक़ शहर की महत्वपूर्ण सडक़ है। इस सडक़ से बडिय़ाखेड़ी-ब्रह्मपुरी कालोनी सहित दर्जनों गांव के ग्रामीणों का आवागमन हाता है। नदी चौराहा पर बने पुल पर दिन भर पशु बैठे रहते हैं।

**गंगा आश्रम : दोप. 1.15 बजे**



यह सडक़ बस स्टैंड से जिला अस्पताल को जोड़ती है। जिला अस्पताल होने की वजह से दिन भर इस सडक़ पर ट्रैफिक बना रहता है। पशुओं की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**बस स्टैंडः दोप. 1.30 बजे**



शहर के बस स्टैंड भी पशुओं का जमावड़ा रहता है। जबकि बस स्टैंड से दिन भर यात्री बसों का आवागमन बना रहता है। सडक़ पर पशु होने की वजह से बस चालकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

### कांवड़ यात्रा का 300 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठन करेंगे स्वागत

# सीवन नदी के तट से हर रोज कुबेरेश्वरधाम के लिए पहुंच रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह आगामी छह अगस्त को शहर के सीवन नदी तट से पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, इधर सावन के माह पहले दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न नदियों का जल लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचने का सिलसिला जारी है। सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं का शहर के अलावा भी ग्रामीण क्षेत्रों में समाजसेवी संगठनों के द्वारा इनका निशुल्क रूप से शेड लगाकर निशुल्क रूप से जल, चाय आदि के साथ किया जा रहा है। इधर विठलेश सेवा समिति के द्वारा लगाई गई भोजनशाला में भी भोजन का वितरण किया जा रहा है।

आगामी छह अगस्त को निकाली जाने वाली कांवड यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति के अलावा प्रशासन की बैठक का आयोजन किया जाएगा। करीब 11 किलोमीटर तक निकाली जाने वाली इस कावड़ यात्रा का 300 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों सहित अन्य द्वारा स्वागत किया जाएगा। महिलाएं केशरिया, पीली रंग की साड़ियों में तो पुरुष भगवा रंग के गमछे में रहेंगे। कार्यकर्ताओं समिति की टी-शर्ट में रहेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण ऑनलाइन किया जाएगा।

### लगातार तीन वर्ष से शामिल होते हैं कांवड यात्रा में

शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर से आए विनाकर परिवार सहित आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने बताया कि वह लगातार तीन सालों से कांवड यात्रा में शामिल हो रहे है वह आगामी छह अगस्त को भी कावड में शामिल होंगे। इसी प्रकार पिछल दो दिनों में करीब 15 हजार से अधिक कावड लेकर श्रद्धालु सीवन नदी से धाम पहुंचे है। इसमें छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार सहित अन्य प्रांतों के श्रद्धालु शामिल है।

# 25 लाख की संपत्ति मालिकों को लौटाई, अब तक 70 लाख रुपए के 466 मोबाइल मिल चुके

### पुलिस ने 165 गुम स्मार्टफोन किए बरामद




**सीहोर।** पुलिस की साइबर सेल ने 165 गुम हुए स्मार्टफोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल की कुल कीमत लगभग 25 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत ने इन्हें उनके वैध मालिकों को सौंपा।

साइबर सेल और थाना स्तर की टीमों ने दो महीने तक तकनीकी माध्यम से तलाश कर मोबाइल फोन खोजे। वर्ष 2025 में इससे पहले भी 301 स्मार्टफोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कीमत करीब 45 लाख रुपए थी। इस तरह अब तक कुल 466 मोबाइल फोन वापस लाकर पुलिस ने लोगों को सौंपे, जिनकी कुल कीमत करीब 70 लाख रुपए है।

**मोबाइल पाकर भावुक हुए लोग, जताया आभारः** मिलने वाले मोबाइलों को उनके मालिकों को एक कार्यक्रम में सौंपा गया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं, वरिष्ठ नागरिक और अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पुलिस और साइबर सेल का आभार जताया।

**साइबर अपराध से बचाव के दिए टिप्स :** एसपी दीपक शुक्ला ने इस दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा से जुड़े सुझाव दिए। उन्होंने कहा, मोबाइल खोने पर तुरंत सिम ब्लॉक करवाएं। सोशल मीडिया पर गोपनीय जानकारी, फोटो या वीडियो अनजान व्यक्ति से शेयर न करें। सतर्कता और जागरूकता से साइबर अपराध से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में एएसपी सुनीता रावत के साथ साइबर सेल की टीम से प्रधान आरक्षक सुशील कुमार साल्वे, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, आरक्षक अभिषेक चौहान, तरुण राठौर और अर्पित गुप्ता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिलाया एक श्रमिक को न्याय

**सीहोर।** एक विवाह समारोह में घरेलू कार्य करने के बाद मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए श्रमिक युवती को उसका मेहनताना दिलवाया गया। उल्लेखनीय है कि सीहोर निवासी सर्जन सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन दिया था कि उनकी पुत्री दुर्गा ने अनावेदक के घर पर विवाह अवसर पर घरेलू कार्य किया था, लेकिन उनकी बेटी को इसकी मजदूरी नहीं दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नश्री सिंह द्वारा दोनों पक्षों को बुलाया गया और चर्चा की गई। बातचीत के दौरान प्राधिकरण के समक्ष आपसी सहमति से समाधान हुआ, जिसमें अनावेदक पक्ष ने चार हजार रूपये की मजदूरी राशि दुर्गा को भुगतान की। इस प्रकार श्रमिक को उसका हक मिला और प्रकरण का शांतिपूर्ण निराकरण किया गया।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गोशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तीकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की कलेक्टर ने की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री से न छूटे। उन्होंने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह किसानों को योजनाओं से जोड़ने का प्रमुख माध्यम है। इसका हर किसान तक लाभ पहुंचना अनिवार्य है। सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा सके इसके लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही घर-घर जाकर भी फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। ग्राम पंचायतों, कृषक मित्रों और राजस्व एवं कृषि विभाग के समन्वय से इन शिविरों में किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है।

**कलेक्टर बोले :** राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं आरयूटीएस पर अभिलेखों के अमल की करें मॉनिटरिंग

# राजस्व कार्यों को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है ई-ऑफिस प्रणाली का उपयोग : कलेक्टर

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. निर्देश दिए कि नदियों में बाढ़ के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य स्थितियों से निपटने के लिए सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने अनुभागवार एवं तहसीलवार सभी राजस्व गतिविधियों एवं कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित सभी राजस्व एवं वन अधिकारी उपस्थित थे।

### ई ऑफिस प्रणाली की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी सभी कार्यों में ई ऑफिस प्रणाली का उपयोग किया जाए, ताकि ई-ऑफिस के माध्यम से तहसीलों में राजस्व संबंधी कामकाज को सरल, प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी सभी कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ई ऑफिस प्रणाली का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों को ई ऑफिस प्रणाली में करने से समय की बचत होगी और तुरंत आदेश निर्देश जारी किए जा सकेंगे तथा प्रकरणों की निराकरण भी समय सीमा में हो सकेगा।

### वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व एवं वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाई जाए। कलेक्टर_री बालागुरू के. ने कहा कि शासन के नियमों के अनुरूप सभी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी समय समय पर बैठक और समन्वय कर वन व्यवस्थापन और संपरिवर्तन के गतिरोध को दूर करें।

### नक्शा एवं बटांकन कार्य में लाई जाए 80 प्रतिशत तक प्रगति

बैठक में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन और राजस्व विभाग में लंबित राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें और जिले की रैंकिंग में सुधार लाने का प्रयास करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि जो राजस्व प्रकरण लंबित हैं, उनमें संबंधित पक्षों की बात को सुनें और निर्णय लेकर आदेश जारी करें। इसके साथ ही संबंधित अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों की समय-समय पर बैठक आयोजित कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि नक्शा एवं बटांकन कार्य में इस माह के अंत तक 80 प्रतिशत तक प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले तहसीलदारों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उन्होंने भू अभिलेख संबंधी कार्यों एवं भूअर्जन प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की।

**बढ़ राहत एवं बचाव के लिए टीम को अलर्ट मोड पर रखा जाए :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. निर्देश दिए कि नदियों में बाढ़ के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य स्थितियों से निपटने के लिए सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जाएं। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव के सभी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और रेस्क्यू टीम को अलर्ट मोड पर रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि चिन्हित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय रखें, ताकि सूचना मिलते ही त्वरित राहत एवं बचाव की कार्रवाई कर जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पुल, पुलिया एवं रपटों सहित पहुंच मार्गों पर निगरानी रखी जाए और पुल पुलियों पर पानी होने की स्थिति में नागरिकों को इन्हें पार करने से रोका जाए। ऐसे स्थानों पर जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे तत्काल ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर आवागमन को रोकने की कार्रवाई करें।

**राजस्व संबंधी प्रकरणों को करें आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज:** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि राजस्व अधिकारी सभी राजस्व संबंधी प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि पारित आदेशों पर समय पर अमल भी करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज हों। उन्होने समय समय पर राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं आरयूटीएस पर अभिलेखों के अमल की सतत मॉनिटरिंग भी की जाए।

### राहवीर योजना के संबंध में निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, दुर्घटना में घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए राहवीर योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना में घायल होने के बाद घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा पूछताछ नहीं की जायेगी। जान बचाने पर संबंधित व्यक्ति को 25 हजार रुपये का पुरस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी राहवीर योजना के प्रकरणों में समय सीमा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अभिलेख दुरुस्ती, राजस्व वसूली, राजस्व प्रकरणों को अभिलेखागार में जमा करना, वक्फ संपत्तियों का सत्यापन संबंधी कार्य, शासकीय भूमि का आवंटन, धारणाधिकार के प्रकरणो का निराकरण, राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन, लैंड रिकॉर्ड सहित अन्य बिंदुओं की विस्तार समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# एक पखवाड़ा गुजरा, फिर भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं

**भैरूंदा।** 18 जून को शास्त्री कॉलोनी में आयोजित एक स्वास्थ्य शिविर में शुगर सहित विभिन्न बीमारियों से निजात दिलाने के नाम पर दिए गए दवा युक्त पान के बीड़े का सेवन करने वाले लोग स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

एक पखवाड़े से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इन पीडितों को कोई राहत नहीं मिली है और कई लोग भोपाल, होशंगाबाद, सीहोर, हरदा, इंदौर जैसे बड़े शहरों के अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। पीडितों का कहना है कि दवा पीने के बाद उन्हें लगातार दस्त लग रहे हैं, एक पखवाड़े में उनका 10 किलो तक वजन कम हो गया है। वकील, शिक्षक, लेखापाल और व्यापारी सहित विभिन्न तबके के लोग इस नकली दवा के शिकार हुए हैं। लगातार बिगड़ते स्वास्थ्य से चिंतित परिजनों ने बालाजी सेवा समिति, थरोला, जिला आगर मालवा, के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी को एक ज्ञापन सौंपा है। क्या हुआ था शिविर में बालाजी सेवा समिति ने इस शिविर में शुगर, लकवा, पेट की समस्या, अपच, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, घुटनों से आवाज आना, सायटिका और गठिया जैसी गंभीर बीमारियों के लिए निशुल्क दवा युक्त पान के बीड़े खिलाए थे। लगभग 500 से अधिक



लोगों ने दवा का सेवन किया था। लेकिन कई लोग बीमार हो गए। कैंप के बाद से ही मरीज आयोजकों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं।

एसडीएम ने दिए पुलिस को जांच के निर्देश इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए, एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने पुष्टि की कि उन्हें पीडितों के परिजनों से एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में कहा गया है कि बालाजी सेवा समिति द्वारा निशुल्क दवा पिलाकर शुगर से मुक्ति दिलाने का दावा किया गया था, जिसके बाद सैकड़ों लोग बीमार हो गए हैं। उल्टी-दस्त के अलावा, कुछ लोगों में लीवर में सूजन जैसी शिकायतें भी सामने आई हैं, जो दवा के गंभीर साइड इफेक्ट्स को दर्शाती हैं। रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने पुलिस को आवेदन भेजकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### आवेदन नहीं मिला है

थाना प्रभारी भैरुंदा घनश्याम दांगी ने बताया कि दवा के सेवन से बीमार होने का अब तक कोई आधिकारिक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायत करता है, तो संबंधित समिति के खिलाफ तुरंत केस दर्ज कर लिया जाएगा।

# नाली का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार को शहर वार्ड 11 में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद लोकेन्द्र वर्मा व क्षेत्रीय नागरिकगणों ने नपाध्यक्ष श्री राठौर का स्वागत कर आभार माना। उक्त क्षेत्रवासियों के द्वारा कई दिनों से नाली निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी, जिसको पूर्ण करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने तत्काल नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित करते हुए नाली का निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में जानकारी देते हुए वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद लोकेन्द्र वर्मा ने बताया कि वार्ड के अंतर्गत नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। हमारे क्षेत्र के अंतर्गत सुदामा नगर में नाली का निर्माण नहीं होने के कारण गंदा पानी जमा हो जाता था, लेकिन शनिवार को नगर पालिका के द्वारा करीब साढ़े लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन के पश्चात इस समस्या का समाधान हो जाएगा। भूमि पूजन के दौरान नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, कमलेश कुशवाहा, कमलेश राठौर, प्रदीप गौतम और घनश्याम यादव आदि शामिल थे।

### अब तक 368.4 मिमी बारिश,पिछले साल से ज्यादाः बुधनी-रेहटी में सबसे ज्यादा 557 और 560 एमएम वर्षा; सड़कें हुई जलमग्न



**सीहोर।** जिले में शुक्रवार से मानसून सक्रिय है। बीते 24 घंटों में भेरुंदा में सबसे अधिक 28 मिमी, श्यामपुर में 22 मिमी, रेहटी में 21 मिमी, बुधनी में 18 मिमी, आष्टा में 12 मिमी और सीहोर में 11.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि आसमान में बादलों की घनता बढ़ी है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफलाइन के प्रभाव से बारिश जारी रहने की संभावना है।

**अब तक रेहटी में सर्वाधिक 560.4 मिमी बारिश :** इस मानसून सीजन में अब तक रेहटी में सर्वाधिक 560.4 मिमी और बुधनी में 557 मिमी बारिश हुई है। भेरूंदा में 384 मिमी, सीहोर में 361.7 मिमी, इच्छावर में 351 मिमी, श्यामपुर में 331.8 मिमी, आष्टा में 216 मिमी और जावर में 185 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिले में कुल औसत बारिश 368.4 मिमी हो चुकी है, जो पिछले साल की इसी अवधि में हुई 209.3 मिमी बारिश से काफी अधिक है।

# पहल से बढ़े नामांकन : शुरुआत में सिर्फ 6 बच्चे थे, अब 25 हुए



**भैरूंदा।** विकासखंड के प्राथमिक शाला नदी पार हाथीघाट में बच्चों की चहल-पहल लौट आई है। कभी बंद होने की कगार पर पहुंचे इस स्कूल में अब 25 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। सत्र की शुरुआत में यहां सिर्फ 6 बच्चे नामांकित थे। अनुविभागीय अधिकारी मदन सिंह रघुवंशी की प्रेरणा से यह बदलाव आया है।शुक्रवार को स्कूल में कार्यक्रम हुआ। इसमें बच्चों को मुफ्त स्कूल बैग और जरूरी शैक्षणिक सामग्री दी गई। रघुवंशी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाएं। उन्होंने कहा कि थोड़े से सहयोग और प्रोत्साहन से सरकारी स्कूलों को फिर से सक्रिय किया जा सकता है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हाथीघाट के सरपंच चैनसिंह धुर्वे, उपसरपंच रामस्वरूप कुशवाह, रूपसिंह मीणा, रामकृष्ण कुशवाह, प्राचार्य सपना कंडेरे, रामस्वरूप झागरे, वंदना श्रोत्रिय आदि शामिल थे।

### नए पंजीयन करने वालों के लिए बनेंगे जीएसटी सेवा केंद्र

**सीहोर।** जीएसटी के नये पंजीयन लेने वाले व्यक्तियों में हाई रिस्क स्कोर के अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों के बायोमेट्रिक से आधार का सत्यापन करने के लिए जीएसटीएन की मदद से जीएसटी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नये डाटा एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग कार्य से संबंधित नये प्लेटफार्म दिशा - डेटा इंटेलिजेंस सिस्टम फॉर हॉलिस्टिक एनालिसिस का उपयोग शुरू कर दिया गया है। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विभाग की समीक्षा के दौरान कही। विभाग द्वारा जीएसटीएन, जीएसटी प्राइम, एनआईसी, ई-वे बिल जैसे विभिन्न पोर्टल पर उपलब्ध लगभग 105 रिपोर्ट को फील्ड अधिकारियों को देकर कर ऑनलाइन वेब पेज के माध्यम से कर चोरी के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बोगस पंजीयन की रोकथाम के लिए पंजीयन आवेदन के साथ व्यवसाय स्थल के प्रमाण के रूप में दिए गए उपभोक्ता बिजली क्रमांक का ऑनलाइन वेरिफिकेशन विद्युत वितरण कंपनी के डेटा से करने की व्यवस्था की गई है।

# धरती आबा अभियान के तहत शिविर लगाकर किया गया 616 हितग्राहियों को लाभान्वित

### अब तक किया जा चुका है 10,028 हितग्राहियों को लाभान्वित




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामों में ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत 12 जुलाई को चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर 616 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अभी तक इस अभियान के तहत 10,028 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका हैं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

शिविरों में हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना, केसीसी योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृवंदना योजना, बाल आर्शीवाद योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं बोनस योजना, एकलव्य योजना, दिव्यांग पेंशन प्रोत्साहन योजना, कल्याणी पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर योजना, घरेलू कनेक्शन सब्सीडी योजना, पांच रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन योजना, पीएम आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पंजीयन किया जा रहा है और इन योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

इसके साथ ही अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाता खोलना सहित अनेक सेवाओं के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है।

**विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बैठक व कार्यक्रम आयोजित**

# परिवार नियोजन के संबंध में जागरूकता के लिए सीहोर जिले ने किया नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शासन के निर्देशानुसार विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय में बैठक एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के तहत 11 जुलाई से 11 अगस्त तक अभियान चलाकर परिवार नियोजन के महत्व के प्रति समुदाय को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य किए जाएंगे। इस संबंध में समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से सीहोर जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवाचार किया गया है। इस नवाचार के तहत जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं के ओपीडी पर्ची पर जागरूकता का नारा ₹मॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सहीं₹ अंकित कराया जाएगा। इसके साथ ही अन्य माध्यमों से जागरूकता फैलाई जाएगी। सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित बैठक में वर्ष 2023-24 में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर, सीएचओ, बीई एएनएम, आशा, सुपरवाईजरर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैठक में सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की जानकारी और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के पश्चात स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को फूड बास्केट का भी वितरण किया गया। बैठक एवं कार्यक्रम में रिषा कुशवाह, डॉ पंकज मिश्रा, सईद खान, तबस्सुम खातून सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अधिकारियों को बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए किया निर्देशित

# लोक कल्याण शिविर में मंत्री पंवार ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निवारण भी किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शुक्रवार को ग्राम नापानेरा में आयोजित खंड स्तरीय लोक कल्याण शिविर में ग्रामीणों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और त्वरित निवारण करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनका उद्देश्य ग्रामीण विकास को गति देना है। जनता तक सरकारी सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं को सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में नापानेरा और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अपनी बातचीत के दौरान, मंत्री पंवार ने ग्रामीण समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत विभाग और बुनियादी ढाँचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चल रही प्रमुख पहलों पर अधिकारियों से बातचीत कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए कहा और ग्रामीणों से इन लाभकारी कार्यक्रमों का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया।

### अधिकारियों से बोले मंत्री - शिविर का मतलब 50 प्रतिशत समस्याएं तुरंत हो खत्म

मंत्री पंवार ने इस दौरान अधिकारियों और ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि शिविर का अर्थ है कि 50 प्रतिशत समस्याओं का समाधान तुरंत शिविर में होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार, जनता की सरकार है जो लोगों की समस्याओं का समाधान उनके दरवाजे पर जाकर करती है, मैं अधिकारियों से कहना चाहता हूं कि आप लोग समस्याओं का निवारण करें, इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं रहनी चाहिए।

### विद्यार्थियों को वितरण की गई साइकिल

कार्यक्रम के दौरान मंत्री पंवार ने 37 विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण की व विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, नारायण सिंह सालरीयाखेड़ी, मानसिंह राजपूत, सरपंच धापू बाई, एसडीएम गीतांजलि शर्मा, जनपद सीईओ आर के मंडल सहित जनप्रतिनिधि संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

अस्पताल आने वाले मरीजों को होती है खासी परेशानी

# सुविधा की जगह दुविधा बने अस्पताल रोड पर निर्मित ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्थानीय जिला अस्पताल के पहुंच मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने नगर पालिका ने कई स्थानों पर स्पीड ब्रेकरों का निर्माण करवाया है। लेकिन, ये स्पीड ब्रेकर सुविधा से ज्यादा दुविधा लगने लगे हैं। ऑटो, एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों से अस्पताल लाए जाने वाले मरीजों, हादसे में घायल हुए लोगों के लिए ये ब्रेकर एक बड़ी परेशानी बने हुए हैं।

बेहद कम स्लोप और ऊंचाई वाले इन खड़े स्पीड ब्रेकरों के कारण हड्डी से जुड़ी समस्या वाले मरीजों, प्रसूताओं व अन्य मरीजों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। नगर पालिका ने जब इन स्पीड ब्रेकरों का निर्माण करवाया था उस समय भी स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया था। इसके बावजूद इन ब्रेकरों को नहीं हटवाया गया है। विभिन्न वाहनों से अस्पताल लाए जाने वाले मरीजों की सहुलियत और स्वास्थ्य को देखते हुए आमजनों ने नगर पालिका से मांग की है कि इन ब्रेकरों को हटवा दिया जाए।

### बनवाए जा सकते हैं स्लोप वाले ब्रेकर

*अस्पताल मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने की यदि बात है तो यहां ज्यादा स्लोप एवं कम ऊंचाई वाले ब्रेकर भी बनवाए जा सकते हैं। इन ब्रेकरों से मरीजों व अन्य लोगों को उतनी परेशानी नहीं होगी जितने वर्तमान में लगे ब्रेकरों से हो रही है।*

## कुंडालिया पेयजल समूह योजना की पाइपलाइन को अज्ञात व्यक्ति ने किया क्षतिग्रस्त



**जीरापुर।** कुंडालिया पेयजल समूह योजना अंतर्गत मल्हारपुरा एमबीआर की पाइपलाइन को अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर दिया। कुंडालिया पेयजल समूह योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित हो गई है। यह घटना प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि इससे न केवल आमजन को असुविधा हुई है, बल्कि सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। जल निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित कर दिया है तथा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर बुरी नीयत से छेड़छाड़ करने पर दोषी को 1 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी चितेंद्र सिंह सोलंकी ने न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 100/2025 अंतर्गत धारा 354,451,323 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 7 सह पठित धारा 8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 से उद्धुत प्रकरण में अभियुक्त विष्णु पिता राम सिंह अहिरवार निवासी ग्राम भ्याना थाना लीमा चौहान को धारा 354 भारतीय दंड संहिता में एक वर्ष का कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थ दंड एवं धारा 451 भारतीय दंड संहिता में 6 माह के कठोर कारावास एवं 1000 के अर्थ दंड एवं धारा 323 भारतीय दंड संहिता में तीन माह का कठोर कारावास एवं 1000 जुर्माना से दंडित किया। घटना की जानकारी देते हुए शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना 25 जून 2024 की रात्रि करीब 1 बजकर 30 बजे घर के अंदर कमरे में पीड़िता सो रही थी नींद में उसे लगा कि किसी ने उसके पैर पकड़ लिए। अचानक उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसके घर के सामने रहने वाला विष्णु पिता राम सिंह ने बुरी नीयत से उसके पैर पकड़ रखे थे उसने चिल्ला चोट की तो उसके भाई बहन उठ गए। उन्होंने विष्णु को पकड़ने की कोशिश की तो वह छूट कर भागने लगा। हाल में उसकी दादी सो रही थी जो चिल्ला चोट की आवाज सुनकर उठ गई उन्होंने विष्णु को पकड़ने की कोशिश की तो विष्णु ने उसकी दादी के साथ मारपीट की जिससे पीड़िता की दादी को होठ एवं शरीर के अन्य भाग पर चोट आई और विष्णु वहां से भाग गया पीड़िता ने थाना लीमा चौहान में प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखाई।

20 किलो अमानक पॉलिथीन के साथ दुकानदारों से वसूला जुर्माना

# नपा अमले ने दुकानदारों से जब्त की पॉलिथीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



बुधवार शाम नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे के नेतृत्व में पॉलिथीन जब्ती की कार्रवाई कर अभियान की शुरुआत की। इस कार्रवाई के दौरान, नगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों से पॉलिथीन जब्त की और जुर्माना भी वसूला। यह कार्रवाई सारंगपुर में पॉलिथीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए की गई। नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि पॉलिथीन पर्यावरण के लिए हानिकारक है और इसके उपयोग को रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

इस दौरान दुकानदार व व्यापारियों को पॉलीथिन, सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की सलाह दी गई। शहर में अमानक पॉलिथीन के विरुद्ध सीएमओ सुनहरे के नेतृत्व में नपा दल ने भेरू दरवाजा रोड, नजीमाबाद मार्केट और पेट्रोल पंप चैराहा की दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने कई दुकानों से अमानक पॉलिथीन जब्त की। दुकानदारों से 40 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। वहीं कुछ दुकानदार पहले से ही कपड़े की थैली का उपयोग करते हुए पाए गए। दो घंटे चली इस संघन कार्रवाई में विक्रेता उपभोक्ताओं के खिलाफ 1000 से 5000 रुपए के चलान बनाए गए। इस कार्रवाई में नगर पालिका के कर्मचारियों ने दुकानदारों से लगभग 20 किलो पॉलिथीन जब्त की चालीस हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला। नपा दल ने दुकानदारों को पॉलिथीन के बजाय कपड़े की थैली का उपयोग करने की हिदायत दी। यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए की गई। सीएमओ ज्योति सुनहरे ने बताया कि नपा द्वारा समय समय पर पॉलिथीन विक्रय पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।

## डंपर ने बाइक में मारी टक्कर नगर के युवक की मृत्यु



**राजगढ़।** नगरीय सीमा से होकर निकले बाइपास पर शुक्रवार दोपहर हुए सड़क हादसे में नगर का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। एम्बुलेंस के ब्यावरा पहुंचते-पहुंचते युवक ने दम तोड़ दिया।

### ऐसे हुआ हादसा

मेन मार्केट में सोल्डर क्लब के समीप निवासी अंकित पिता स्वर्गीय संतोष परमार उम्र 29 वर्ष अपनी बाईक से खिलचीपुर नाके तरफ से नाका नंबर-3 की तरफ आ रहा था। इस दौरान बाईपास पर बैंक ऑफ बड़ोदा के सामने पीछे से आ रहे डंपर क्रमांक एमपी-39 एच-3748 ने बाइक में टक्कर मार दी एवं डंपर का टायर अंकित की कमर के ऊपर से निकल गया। हादसे के बाद मौके पर एकत्रित युवकों अमित सोनी, नयन विजयवर्गीय सहित अन्य ने घायल अंकित को ऑटो से तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें भोपाल रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से भोपाल ले जाते समय अंकित की सांसे उखड़ती देख परिजन ब्यावरा अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। चर्चित युवा की अकस्मात मृत्यु से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

खिलचीपुर में उल्टी, दस्त के अनेक मरीज मिलने पर कार्रवाई

# खाद्य एवं औषधी प्रशासन ने बंद करवाए 2 चिल्ड वाटर प्लांट, लाइसेंस भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




खिलचीपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में उल्टी-दस्त के अनेकों मरीज एक साथ मिलने पर प्रशासनिक अमला हरकत में आया है। चिकित्सकों के अनुसार दूषित पानी के सेवन के चलते इतने अधिक मरीज सामने आए हैं। ऐसे में खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग की टीम द्वारा खिलचीपुर के छापीहेड़ा नाका स्थित सांवरिया चिल्ड वाटर एवं इमली स्टैंड स्थित बालाजी चिल्ड वाटर प्लांट पर जांच की गई।

खाद्य एवं औषधी प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि जांच के दौरान उक्त दोनों वाटर प्लांटों से खाद्य विभाग का कोई लाइसेंस मिला और न ही किसी तरह का कोई पंजीयन संबंधी दस्तावेज मिला है। ऐसे में दोनों प्लांटों को आगामी आदेश तक बंद करवा दिया गया है। दोनों प्रतिष्ठानों से पानी की पोर्टेबिलिटी जांच करने हेतु 3 सैंपल लिए गए हैं। लैब से रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में आगामी कार्यवाही की जाएगी। पावक ने बताया कि दोनों प्लांटों में जिन टंकियों में पानी को ठंडा करके रखा गया था उनमें छानने के बाद भी कुछ गंदे पदार्थ नजर आने के चलते दोनों प्लांटों से आगामी आदेश तक वाटर प्रोसेसिंग एवं विक्रय रोकने की कार्यवाही की गई है।

# राजगढ़ सहित 4 जनपदों के निर्माण के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

सवा पांच करोड़ की लागत से बनाया जाएगा प्रत्येक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़


मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
//आदेश//

राजगढ़ मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय समेत ब्यावरा, खिलचीपुर एवं जीरापुर में नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। अगर सबकुछ ठीक-ठीक रहा तो बहुत जल्द उक्त चारों शहरों में नवीन जनपद भवन बनकर तैयार हो जाएंगे।

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रत्येक जनपद भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस तरह करीब 22 करोड़ की लागत से उक्त चारों जनपदों के भवन बनकर तैयार होंगे। हालांकि, अभी कईं तरह की प्रशासनिक प्रक्रियाएं होनी है जिसके बाद टैंडर प्रक्रिया उपरान्त जनपदों के भवनों का निर्माण आरंभ होगा। क्षेत्र के मतस्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की पहल पर क्षेत्र में नवीन जनपद भवन बनाने हेतु शासन ने स्वीकृति प्रदान की है।

### जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं वर्तमान जनपद कार्यालय

उल्लेखनीय है कि राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर एवं जीरापुर के वर्तमान जनपद पंचायत कार्यालय बेहद जीण-शीर्ण अवस्था में हैं जिसके चलते कभी भी कोई घटना हो सकती है। इसी को देखते हुए आरईएस विभाग द्वारा जारी मानक प्राक्कलन के आधार पर शासन ने निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है।

## 101 लीटर दूध से किया एसी वाले महाकाल का अभिषेक



**राजगढ़।** नगर के नेवज नदी तट स्थित ऐसी वाले महाकाल मंदिर में गुरूपूर्णिमा पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए गए। मंदिर में सुबह से आरंभ हुआ पूजा-अर्चना का क्रम देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान मंदिर समिति एवं अन्य श्रृद्धालुओं द्वारा 101 लीटर दूध से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। प्रातः 8 बजे से आरंभ हुआ अभिषेक तीन घंटे तक अनवरत चलता रहा जिसके उपरान्त महाआरती एवं प्रसादी का वितरण भक्तों को करवाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष होकम साहू, उपाध्यक्ष सुनील कुमार जोशी, श्यामलाल वर्मा, सचिव देवीसिंह विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष सतेंद्र तोमर, सुरेंद्र सिंह हाड़ा, शिव पुष्पद, ऋतु पुष्पद, हेमलता जोशी, दिनेश भिलाला सहित अनेकों श्रृद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर के आचार्य दीपक जोशी द्वारा विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन एवं अभिषेक संपन्न करवाया गया।

बहनों ने कराया जन-जागरण दीपयज्ञ

## गायत्री शक्तिपीठ पर हुआ गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन



**ब्यावरा।** गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री शक्तिपीठ पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सुबह पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में विश्व कल्याण व मानव स्वास्थ्य जीवन के लिए महामंत्र, मृत्युंजय महामंत्र, महाकाल गायत्री मंत्र, महाशक्ति गायत्री मंत्र से आहुति दी गयी, साथ ही काफी संख्या में गुरु दीक्षा संस्कार हुआ। मौके पर गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मौजूद गायत्री परिवार के साधकों ने गुरुदेव के युग निर्माण सत्संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शाम को महिला मण्डल की बहनों द्वारा जन-जागरण दीपयज्ञ किया गया। जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने एवं वृक्षारोपण हेतु सभी ने संकल्प लिया। दीपयज्ञ के बाद सहभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर गायत्री परिवार के समस्त सक्रीय परिजन व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

40 मरीजों का पूर्णतः किया इलाज, नगर में होगा सर्वे

# उल्टी, दस्त के कई मरीज मिलने पर खिलचीपुर पहुंचा स्वास्थ्य अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विगत दिवस खिलचीपुर नगर में उल्टी एवं दस्त के अनेकों मरीज मिलने पर सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने गुरुवार को जिला स्तरीय डॉक्टरों का एक दल गठित कर खिलचीपुर रवाना किया। दल प्रभारी सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल ने खिलचीपुर अस्पताल पहुंचकर मरीजों की जानकारी प्राप्त की। डॉ. पटेल के अनुसार अस्पताल में पिछले एक हफ्ते में उल्टी-दस्त के 40 मरीज भर्ती हुए थे, जिनका उपचार कर दिया गया है और अब सभी मरीज स्वस्थ्य हैं।

इसके अलावा अस्पताल में पर्याप्त दवाईयों की व्यवस्था बनाई गई और लेबोरेटरी को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश दिए गए। डॉ पटेल ने बताया कि जितने भी मरीज अस्पताल आए थे उनकी जानकारी लेने पर पता चला कि कहीं न कहीं दूषित जल के सेवन के चलते एक साथ इतने मरीज सामने आए हैं। इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ को नगर की समस्त पेयजल सप्लाई चैक करने एवं फूड ऑफीसर को नगर के वाटर प्लांटों के पानी के सेंपल लेकर जांच करने निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही अस्पताल के समस्त स्टॉफ को 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही खिलचीपुर अस्पताल के कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। जिला टीम में डीआईओ डॉ एलपी भकोरिया, सीबीएमओ डॉ पच्चीसिया, जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंन्द्र पाल सिंह, डॉ विशाल, डॉ मीणा, बीपीएम रामबाबू दांगी सहित अन्य स्वास्थ्य अमला मौजूद था।

### बारिश में रखना होगीं विशेष सावधानियां

जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि बारिश के मौसम में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बाहर का पानी और खाना दोनों में से कोई भी थोड़ा भी दूषित होता है तो शरीर में तुरंत बदलाव दिखाई देने लगता है और व्यक्ति चक्कर, उल्टी, दस्त और सर्दी, खांसी से पीड़ित हो सकता है।

## पर्यावरण प्रेमी दुबे की पत्नी की पुण्य तिथि पर पौधारोपण कर दी श्रद्धांजलि



**सारंगपुर।** नगर के पर्यावरण प्रेमी दल ने नगर को हरा-भरा रखने व पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत नगर में पौधारोपण अभियान चलाया जाता रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पर्यावरण प्रेमी व वरिष्ठ कवि जयहिंद प्रकाश दुबे ने अपनी पत्नी सेवानिवृत प्रधान आचार्या स्व. श्रीमति चंद्रशीला दुबे की द्वितीय पुण्य तिथि पर अपने परिजनों व पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों के साथ मिल कर सिविल अस्पताल परिसर मे पौधारोपण किया। वहीं नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल के मुख्य अतिथि के रुप में तथा नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा ने विशेष अतिथि के रुप मे अपनी सह भागिता दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमओ डॉ. अभिलाषा चौधरी ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। वही पौधारोपण के दौरान उपस्थित जनो ने स्व. श्रीमति दुबे के दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा आभार अमित दुबे ने माना। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी विष्णु प्रसाद जोशी, नंद किशोर सोनी, शिव सिंह चौहान, राजेंद्र टेटवाल, गिरीश जोशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### हुसैन शाह बने मुस्लिम त्यौहार कमेटी के सदर



**जावर।** नगर की ईदगाह परिसर में मोहर्रम के बाद मुस्लिम समाज की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें हुसैन शाह को आगामी त्यौहारों को लेकर मुस्लिम त्योहार कमेटी का सदर बनाया गया। हुसैन शाह को सदर बनाए जाने पर उनके इष्ट मित्रों एवं समाज जनों ने बधाई दी इस अवसर पर हुसैन शाह ने कहा कि मुझे जो भी जिम्मेदारी दी गई है मैं उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी के साथ करूंगा।

### केजी बैरागी का किया सम्मान

**सीहोर।** मीडिया संघ के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार केजी बैरागी का सम्मान करते हुए पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। बैरागी ने समाज के गरीब तबके के लोगों को शासकीय सेवा में रहते हुए रोजगार के साथ कर्मचारियों की समस्याओं के लिये आन्दोलन कर उनको न्याय दिलाया तथा पत्रकारिता जगत में पत्रकारों की समस्याओं के लिये कार्यक्रम आयोजित कर उल्लेखनीय कार्य किये हैं तथा समाज की मूलभूत समस्याओं को उठाकर जिला प्रशासन तक पहुंचाया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदीप समाधिया, प्रदीप चौहान, ए.आर.शेख मुंशी, आशीष गुप्ता, अशोक समाधिया, श्याम सोनकर, राकेश झा, कमलेश परमार, धर्मेन्द्र वाजपेयी, मीडिया संघ के अध्यक्ष नितिन जोहरी, पवन विश्वकर्मा, सक्षम पालिवाल, नरेन्द्र खंगराले, इंजि.जितेन्द्र सिंह, सलभ चौहान, अंकित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कचरे के ढेर बिगाड़ रहे शहर की सुंदरता, रहवासियों के लिए बनी परेशानी

# अलसुबह निकलते हैं सैकड़ों लोग, स्कूली बच्चों के बीमार होने की रहती है आशंका

नगर के वार्डों, मोहल्लों का कचरा एकत्रित कर कचरा जगह-जगह छोड़ दिया जाता है लेकिन अब यह कचरे के ढेर ही परेशानी और बीमारी का कारण बन रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





नगर पालिका द्वारा लगातार नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाता है तो वहीं दूसरी और नगर पालिका स्वयं भी स्वच्छता अभियान के तहत शहर को सुंदर बनाने की जद्दोजहद में लाखों रुपए फूंक देती है लेकिन लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद परिणाम जस के तस नजर आते हैं हालत ऐसे है कि शहर के तमाम वार्डों, मोहल्लों का कचरा एकत्रित कर जिन कचरा हड्डियां पर जमा किया जाता है अब वहीं कचरा हड्डियां स्थानीय रहवासियों के लिए परेशानी और बीमारी का सबब बन रही है तो वहीं दूसरी इन कचरा हड्डियां के चलते नगर की सूरत भी बिगड़ रही है

### कचरे के ढेर बने बीमारियों का घर, आवारा पशुओं का लगा रहता है डेरा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को इन दिनों शहर की कचरा हड्डियां मुंह चिढ़ाते हुए नजर आ रही हैं आपको बता दें की नगर के मुख्य मार्गो पर बनी इन कचरा हड्डियां पर लगे कचरे के ढेरों से जहां स्थानीय निवासियों को बदबू, गंदगी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो वहीं इन कचरा हड्डियां की गंदगी से इन्हें कई तरह की बीमारियों से भी जूझना पड़ रहा है तो वहीं आवारा, लावारिस पशुओं का भी यह जमावड़ा लग रहता है जिसके चलते अब स्थानीय लोग इन कचरा हड्डियां को हटाने की मांग कर रहे हैं

### नगर की सुंदरता हो रही प्रभावित, छोटे बच्चे हो रहे बीमारी के शिकार

आपको बता दें कि नगर की अधिकांश कचरा हड्डियां प्रमुख चौराहों और मार्गों पर बनी है जिससे जहां शहर की सुंदरता तो प्रभावित हो रही है वही इन कचरा हड्डियों की गंदगी, बदबू से यह से आवाजाही या स्थानीय रहवासी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं जगह-जगह लगे हुए कचरे के ढेर शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहे हैं। आपको बता देवे कि सबसे ज्यादा गंदगी वार्ड 17 अंतर्गत पुष्प स्कूल के पीछे वाले मुख्य मार्ग पर बनी कचरा हड्डी से हो रही है और सबसे बड़ी खास बात यह है कि इस मार्ग पर संचालित होने वाले दो बड़े प्रायवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी यही से होकर गुजरते हैं जिसके चलते इनके स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ना लाजमी है वही इस कचरा हड्डी के पास रह रहे रहवासी भी यह फैली गंदगी से भी बहुत परेशान है वही कुछ ऐसे ही हालत वार्ड 8 के काजीपुरा के भी यह बनी कचरा हड्डी भी स्थानीय लोगों के मुसीबत के साथ बीमारी का सबब बन रही है लिहाजा समय से यहां की कायदे से सफाई नहीं हो रही है। ऐसे में सड़क किनारे के वार्डों में गंदगी से बीमारियां पनपने की आशंका बढ़ती जा रही है। शहर में इन कचरा हड्डियों के कारण लगे गंदगी के ढेरों के कारण लोगों का जीना दूभर होग गया है, जिन दुकानों व घरों के पास गंदगी के ढेर लगे हुए हैं उनको हर समय बदबू के कारण नर्क भरी जिंदगी जीने को मजबूर होना पड़ा रहा है। सुबह के समय जब लोग सैर करने के लिए निकलते हैं तो उनको शुद्ध हवा की जगह बदबू का सामना करना पड़ता है।

### प्रतिदिन अलसुबह निकलते हैं स्कूली बच्चे, बीमारियां फैलने का बना डर

शहर के दो निजी स्कूल पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल और एंजल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चे रोज प्रतिदिन अलसुबह अपने माता पिता के साथ जब इन कूड़ों के ढेरों के पास से निकलते हैं तो वे भी प्रदूषित हवा का शिकार हो जाते हैं। वहीं रोज मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोग भी काफी परेशान होते हैं लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों का इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं है जिसके कारण लोगों को अपनी समस्याओं के लिए फेसबुक, सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ता है।

# 2 घंटे की तेज बारिश से अंचल हुआ तरबतर

### निचले इलाकों में बनी जलभराव की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा क्षेत्र में शुक्रवार शाम 6 बजे बाद से करीब 2 घंटे हुई बारिश से पूरा अंचल तरबतर हो गया। इधर बुधवारा क्षेत्र में आज फिर बारिश के कारण जलभराव हो गया जिससे नागरिकों को परेशानी उठाना पड़ी। बता दे की तीन-चार दिनों से क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही थी जबकि इस समय बारिश की किसानों को भी आवश्यकता थी और शुक्रवार को सुबह तो धूप निकली लेकिन शाम 5 बजे बाद मौसम बदला और 6 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई बारिश से कई क्षेत्रों में जल भराव के चलते परेशानी भी उठाना पड़ी।

बारिश से सबसे ज्यादा फायदा किसानों को आष्टा क्षेत्र में लगभग बोवनी कार्य पूरा हो गया है और अब किसानों को तेज बारिश का इंतजार है तीन-चार दिनों से बारिश नहीं होने कारण किसान भी चिंतित नजर आ रहे थे क्योंकि अगर एक-दो दिन और बारिश नहीं होती तो फसल खराब होने का अंदेशा था लेकिन आज भी बारिश से सबसे ज्यादा फसलों को फायदा हुआ है। जरा सी बारिश में बुधवारा , सब्जी मंडी क्षेत्र में होता है जलभराव शुक्रवार को हुई बारिश से एक बार फिर से बुधवारा, परदेसीपुरा, सब्जी मंडी मार्ग क्षेत्र में पानी पानी हो गया 2 घंटे की बारिश से जलभराव के चलते दुकानदारों के साथ-साथ आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी उठाना पड़ी। क्षेत्र के मनोहरलाल चौरसिया, दिलीप मेवाड़ा ने बताया है कि कई बार जनप्रतिनिधि के साथ-साथ नगर पालिका के अधिकारियों को भी बता दिया लेकिन अभी तक यहां के जल भराव की समस्या को कोई भी हल नहीं कर सका है बारिश के चार महीने यहां के दुकानदारों को परेशानी उठाना पड़ती है जरा सी बारिश में कई बार दुकानों में पानी घुस जाता है जिससे आर्थिक नुकसान भी होता है।

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया है कि बुधवारा क्षेत्र में जलभराव की समस्या को देखते हुए पिछले दिनों ही जुम्मपुरा के बड़े नाले की सफाई की गई थी। अमले को निर्देशित किया है कि जहां भी बारिश के कारण जल भराव की स्थिति बने उसे दूर किया जाए।

# विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व, अभियान के तहत लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीएमश्री श्यामपुर में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान से आचार्य स्वामी महादेवानंद, सरपंच नवीन ताराचंद चौहान, ग्राम पटेल लक्ष्मण सिंह ठाकुर के आतिथ्य में गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती कि सर्व प्रथम पूजन के पश्चात संस्था प्रमुख फ्रास्सिंका बारा द्वारा अतिथिगणों का पुष्प गुच्छे से स्वागत किया। इसी के साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी स्वागत किया गया। शाला के बच्चों के द्वारा मां शारदा कि स्तुति की गई। इसके बाद गुरु का जीवन में योगदान तथा महत्व कितना जरूरी है पर प्राचार्य फ्रास्सिंका बारा द्वारा प्रकाश डाला गया। अतिथि गणों द्वारा प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली से लेकर वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को सदा गुरु की आज्ञा और मार्गदर्शन अनुसार कार्य करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर पी एम श्री के समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे। सभी शिक्षकों ने इस परम पुनीत अवसर पर एक दूसरे को तिलक लगाकर गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। कार्यक्रम के उपरांत मां के नाम एक पेड़ के तहत पौधरोपण किया गया।

### अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**जावर।** महिदपुर रोड परम पूज्य पीतांबर विजेता आचार्य यतींद्र सुरिश्वर द्वारा संस्थापित और पुण्य सम्राट आचार्य जयंत सेन सुरी द्वारा अभिसिंचित व गच्छाधिपति आचार्य नित्य सेन सुरी, आचार्य जयरत्न सुरि द्वारा संचालित अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद शाखा महिदपुर रोड कि नवीन कार्यकारिणी का गठन गत दिवस महिला परिषद की संरक्षक पुष्पा कोचर सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें अलका कोचर को अध्यक्ष, सचिव राजु व्होरा, उपाध्यक्ष सीमा चत्तर को सर्वानुमति से नियुक्त किया गया परिषद संस्था चार उद्देश्यों को लेकर समाज संगठन, धार्मिक शिक्षा प्रचार ,समाज सुधार एवंआर्थिक विकास के उद्देश्यों को लेकर सदैव प्रगति के पथ पर कार्य करते उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर गतिशील रहती है। जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया ,समाज के सभी वरिष्ठ जनों एवं परिषद परिवार के साथियों ने नव नियुक्त पदाधिकारीयों को मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था भीलखेड़ी सड़क सेक्टर कोठरी द्वारा ग्राम बोरखेड़ा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में एवं निपानिया कला में ग्राम पंचायत प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत आम, जामफल, अशोक के छायादार ,फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी नवांकुर संस्था प्रभारी राधेश्याम वर्मा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोरखेड़ा के अध्यक्ष मुकेश प्रजापति, सरपंच प्रतिनिधि हमीर सिंह, चंद्रशेखर पटेल, दयाराम बागवान, कालूराम जगन्नाथ, बने सिंह मालवीय, पदम सिंह, संजय शिक्षक विजेंद्र सिंह वर्मा, अजब सिंह किरण शर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने पौधेरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व समझाया एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। सभी ग्रामीण जन अधिक संख्या में पौधे लगाए क्योंकि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी हे पौधारोपण कार्यक्रम को जन अभियान बनाए साथ ही पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लें।

# सांसारिक मामा-भांजे का दीक्षा के 12 साल बाद हुआ मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सांसारिक जीवन को छोड़कर संयम के मार्ग पर चलकर आत्म कल्याण करने वाले साधु-संतों का अपने सांसारिक परिजनों व रिश्तेदारों से मिलना कब होगा, निश्चित नहीं है। नगर में चातुर्मास करने के लिए समाज की विनती पर अपने - अपने आचार्य भगवंत के आदेश पर पधारे तीन मुनिराजों में दो सांसारिक रिश्ते में मामा - भांजा है। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज एवं श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज सांसारिक रिश्ते में मामा - भांजा है।

मुनिश्री सानंद सागर जी एवं मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने जैसे ही एक - दूसरे को देखा तो उन्हें अपने सांसारिक मिलन की याद ताजा हो गई। दोनों का मिलन हुआ और सानंद सागर जी ने अपने मुनिश्री सजग सागर मुनिराज से परिचय करवाकर मिलवाया।दो मुनि संघ के मुनियों के आत्मीय मिलन को देखकर उपस्थित समाजजन भाव विभोर हो गए। अनेकों श्रद्धालुओं ने उक्त पल को अपने - अपने मोबाइलों में फोटो लेकर रखा। आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि आज चातुर्मास के साथ हमने अपनी सीमाएं बांध ली है।चातुर्मास में मनुष्य पर्याय को सार्थक करने के लिए धर्म की क्रियाएं कर अपनी दृष्टि सम्यकदृष्टि बनाएं। चारित्र ही धर्म है और ज्ञान की शोभा चारित्र है।वह दर्शन और चारित्र को संभालता है। भगवान के पास संसार के निमित्त से नहीं आएं। हमारे भगवान तो वीतरागी है और हम अहिंसा के उपासक हैं।

# मैत्री ग्रुप की महिलाओं ने संकल्प वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धों से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की महिलाओं के मैत्री ग्रुप ने जिला मुख्यालय पहुंचकर संकल्प वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ बैठकर उनके सुख-दुख को साझा किया तथा आगामी दिनों के लिए स्वल्पाहार सौंपा और अपने हाथों से स्वल्पाहार कराया। सीहोर के संकल्प वृद्धाश्रम में जब नगर की मैत्री ग्रुप की महिलाओं की टीम पहुंची तो वहां बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों के चेहरों पर अपने वाले लोगों के आने की खुशियां नजर आई। बुजुर्गों को स्वल्पाहार कराने के दौरान मैत्री ग्रुप की महिलाओं से उन्होंने अपने परिवार की बातें भी साझा की। सभी बुजुर्गों ने सभी को बहुत आशिर्वाद दिया और कहा कि आप सभी के आने से हमें ऐसा लगा की हमारी बहू - बेटियां आई है।आप सभी के वात्सल्य भाव से हम अनुग्रहित है।आप सभी के साथ काफी समय व्यतीत हुआ लेकिन समय का पता नहीं चला, यही अपनत्व है।

### शिवलिंग निर्माण, पूजन, महाअभिषेक के साथ 5 दिवसीय आयोजन जारी

# कथा में राजा दक्ष को श्राप के विषय में सुनाया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर में शिवभक्ति का अनुपम आयोजन माखनलाल, दिनेश कुमार एवं धर्मेन्द्र सोनी परिवार द्वारा किया जा रहा है। निज निवास, ओमशांति मार्ग, ब्लैक भवन रोड, आष्टा पर आयोजित यह पांच दिवसीय पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण, पूजन, महाअभिषेक एवं श्री शिव कथा का कार्यक्रम पंडित अशोककुमार शर्मा आचार्य के सानिध्य में सम्पन्न हो रहा है। द्वितीय दिवस में आज की कथा में आचार्य जी ने बताया कि राजा दक्ष प्रजापति थे और भगवान शिव के ससुर, क्योंकि उनकी पुत्री सती (दक्षायणी) ने भगवान शिव से विवाह किया था। परंतु दक्ष को शिवजी की तपस्वी जीवनशैली, उनका सरल स्वभाव और भौतिक वैभव से दूरी पसंद नहीं थी। इसी कारण उसने भगवान शिव के प्रति अपमानजनक व्यवहार किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें श्राप मिला।

प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी देवताओं, ऋषियों और ब्रह्मांड के प्रमुख व्यक्तियों को आमंत्रित किया, लेकिन जानबूझकर भगवान शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। जब यह समाचार भगवान शिव को मिला, तो वे क्रोधित हो उठे। उन्होंने अपनी जटाओं से वीरभद्र और भद्रकाली को उत्पन्न किया और उन्हें दक्ष के यज्ञ को विध्वंस करने भेजा। वीरभद्र ने यज्ञ को नष्ट कर दिया, देवताओं को परास्त किया और दक्ष का सिर काट दिया। यद्यपि बाद में भगवान शिव का क्रोध शांत हुआ और ब्रह्माजी तथा अन्य देवताओं के निवेदन पर उन्होंने दक्ष को जीवनदान दिया, परंतु उसे बकरी का सिर लगाकर पुनर्जीवित किया गया। यह स्वयं में एक प्रतीकात्मक श्राप था कि जिसने शिव जैसे महादेव का अपमान किया, उसकी पहचान (सिर/गौरव) नष्ट हो गई और उसे पशु के समान स्वरूप में रहना पड़ा। दक्ष को यह श्राप उसके घमंड, शिव के अपमान और पुत्री सती की मृत्यु का कारण बनने के कारण मिला। इस कथा से यह संदेश मिलता है कि अहंकार और ईश्वरीय सत्ता का अपमान विनाश की ओर ले जाता है। रद्धा एवं आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन में भक्तजन प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण करते हैं। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक महाअभिषेक सम्पन्न होता है।

इसके बाद दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक पं. अशोक शर्मा जी के मुखारविंद से भगवान शिव की महिमा से भरी श्री शिव कथा का रसपान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नगर के श्रद्धालुजन एवं शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पावन श्रावण मास में पुण्य लाभ अर्जित करने का निवेदन आयोजक परिवार द्वारा किया गया है। गुरुदेव का स्वागत शीतला माता मंदिर समिति,वैश्य महिला मंडल ,कुशवाह समाज महिला मंडल द्वारा किया गया।इस अवसर पर मोहित भाग्यश्री सोनी, राज रुपाली सोनी, अभिजीत पायल सोनी, नंदिनी सोनी, श्रुति सोनी, रुद्र सोनी, मिराँश सोनी, दिशा सोनी सहित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा, होटल व्यापारी संघ मेन अध्यक्ष सौरभ शीतल, विधायक प्रतिनिधि उत्थान धरवा, मंजू सोनी, मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद थे।

# हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता ने मवेशी के साथ कुकृत्य करने वाले के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जिसमें हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक कालू सोनी एफआईआर दर्ज करने कार्यकर्ताओं के साथ पार्वती थाना पहुंचे। जहां एफआईआर में बताया कि में फरियादी कालू सोनी पिता रमेश चंद सोनी उम्र 38 साल निवासी अंजनी नगर आष्टा थाना एवं हमराह तनिष अरोरा और बीरबल उमठ के साथ थाना पार्वती में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कि मैं उक्त पते पर रहता हूं। तथा हिन्दू जागरण मंच का जिला संयोजक हूं।

12 जुलाई को अजात व्यक्ति द्वारा बताया कि दिनांक 8 जुलाई की रात 10 बजे लगभग शासकीय मार्डन डेरी के सामने इंदौर नाका से अलीपुर रोड पर टाईल्स व पत्थर के मंदिर बनाने की दुकान है, उक्त दुकान के पास एक व्यक्ति मवेशी के साथ अप्रकृति कार्य करके उसे यातना पहुंचा रहा था। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऐसा बताने पर उक्त दुकान पर पहुंचा और दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो उक्त दुकान के सामने रखे टाईल्स व पत्थर के बीच में बैठी मवेशी के साथ एक व्यक्ति गलत काम करते हुए दिखाई दिया। उक्त दुकान के सीसीटीवी केमरे से वीडियो पेन ड्राईव में ले लिया, जो पेन ड्राइव मेरे पास है। अज्ञात व्यक्ति जो मवेशी के साथ गलत काम करता हुआ दिखाई दे रहा है के विरुद्ध रिपोर्ट करने आया हूं। उक्त व्यक्ति पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आनन फानन में वीडियो में दिखाई दे रहे आरोपी की तलाश शुरू कर दी एवं कुछ ही घंटों में आरोपी रुदन पिता आकाश जाती पारदी निवासी चामसी हाल निवास चांदबड़ली इंद्र कॉलोनी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।